हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 22.7 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

11 कार्यशाला में घटते लिंगानुपात पर हुई चर्चा



12 बहुतों को मिली मंजिल, बाकी हैं उड़ान में, पीएचडी की ..



## शहर में आज

- ⏭ मॉडल संस्कृति स्कूल सांपला में कब बुलबुल कैंप
- ⏭ मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- ⏭ आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से

## बिजली कट

⏭ सुबह 8 से 8.45 तक
हिसार रोड, पंचारतना, पीढ़ास

### सरकार द्वारा मांगें न मानने के विरोध में एचसीएमएस डॉक्टरों ने उठाया बड़ा कदम

# सामान्य अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी में आज डॉक्टर हड़ताल पर, ओपीडी में नहीं करेंगे काम

**पांच हजार से ज्यादा मरीज होंगे प्रभावित**

## लेबर रूम, आपातकालीन सेवाएं, पोस्टमार्टम हाउस और संकल्प यात्रा की सेवाएं रहेंगी जारी

- मांगें न मानने पर 29 को फिर करेंगे पूरी तरह से हड़ताल
- सरकार से कई बार हो चुकी वार्ता, नहीं मानी जा रही मांगें
- नर्स भी रहेंगी दो घंटे तक हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक




एचसीएमएस डॉक्टरों ने सरकार द्वारा मांगें न माने जाने के विरोधस्वरूप आंदोलन शुरू कर दिया है। डॉक्टर बुधवार को हड़ताल पर रहेंगे और सामान्य अस्पताल, पीएचसी और सीएचसी की ओपीडी में मरीजों का उपचार नहीं किया जाएगा। इस दिन केवल लेबर रूम, पोस्टमार्टम, भारत विकसित संकल्प यात्रा ड्यूटी और आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। डॉक्टरों के इस निर्णय से अकेले रोहतक में करीब पांच हजार मरीज प्रभावित होंगे। इस दौरान तक सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो 29 दिसम्बर को पूरी तरह से ओपीडी और आपातकालीन सेवाएं अनिश्चितकालीन समय के लिए बंद कर दी जाएंगी। वहीं नर्स एसोसिएशन ने भी दो घंटे हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया है। प्रदेश भर के एचसीएमएस डॉक्टर सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के बैनर तले काले बिल्ले बांध कर अपनी लंबित मांगों को लेकर रोष जता रहे हैं।

रोहतक में सामान्य अस्पताल, सिविल सर्जन ऑफिस, सभी सीएचसी व पीएचसी के डॉक्टरों ने काले बिल्ले बांध कर कार्य किया और अपना विरोध दर्ज कराया। डॉक्टरों द्वारा अपनी मांगों को लेकर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, कांग्रेस विधायक बीबी बतरा सहित सिविल सर्जन को भी ज्ञापन दे चुके हैं।

### ये हैं लंबित मांगें

- पीजी पॉलिसी में बॉन्ड की राशि 1 करोड़ से घटा कर 50 लाख की जाए और उसके लिए कुछ गिरवी न रखवाया जाए जिससे मध्यम वर्ग से आने वाले डॉक्टर पीजी करके जनता की सेवा कर पाएं।
- स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की कमी को पूरा करते हुए स्पेशलिस्ट कैडर का निर्माण एसोसिएशन के सुझाव पर किया जाए।
- डायनेमिक एसीपी दिल्ली तथा बिहार सरकार की तर्ज पर बनाया जाए।
- डायरेक्ट एसएमओ भर्ती बंद हो ताकि चिकित्सा अधिकारी जो लगभग 20 साल की नौकरी के बाद पहले प्रमोशन पर एसएमओ बनते हैं उनसे उनका हक न छीना जाए, तथा ज्यादा से ज्यादा डॉक्टर एचसीएमएस में आकर जनता की सेवा कर पाएं।

### लंबित मांगों पर सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही



अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार को पहले भी अवगत कराया जा चुका है। विरोध प्रदर्शन भी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। बुधवार को केवल ओपीडी में हड़ताल रहेगी। आपातकालीन सेवाएं और अन्य जरूरी सेवाएं जारी रहेंगी। इस दौरान सरकार ने मांगें पूरी नहीं की तो 29 दिसम्बर को पूरी तरह से आपातकालीन सेवाएं और ओपीडी बंद रखी जाएंगी।
**डॉ. विश्वजीत राठी**, प्रधान, डॉक्टर्स एसोसिएशन

### आज हो सकती है सरकार से बातचीत

डॉक्टरों द्वारा हड़ताल का ऐलान करने के बाद सरकार के कैबिनेट मंत्री ने मुलाकात करने के लिए कहा है। एसोसिएशन के राज्य के पदाधिकारी बुधवार शाम को उनसे मुलाकात कर सकते हैं। तब तक सुबह नौ बजे से तीन बजे तक हड़ताल की जाएगी। बातचीत सिरे चढ़ी तो 29 दिसम्बर को होने वाले आंदोलन को लेकर फैसला होगा। मांगों को लेकर डॉक्टरों में रोष है।

### यहां-यहां के अस्पताल होंगे प्रभावित


रोहतक में सामान्य अस्पताल के अलावा कलानौर और महम में भी सब डिवीजन अस्पताल हैं। जहां रोजाना हजारों मरीज उपचार करवाने के लिए आते हैं। इसके अलावा रोहतक में छह सीएचसी हैं। जिनमें किलोई, सांपला, लाखनमाजरा, चिड़ी, मदीना और काहनौर शामिल हैं। साथ ही जिले में 25 पीएचसी भी हैं। जहां हड़ताल रहेगी। 28 दिसम्बर को सरकार के निर्णय का इंतजार किया जाएगा और डॉक्टर्स ड्यूटी देंगे। इससे अगले दिन की हड़ताल लम्बी चल सकती है।

## खबर संक्षेप

### नशीला पदार्थ सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशीला पदार्थ सहित युवक को काबू किया है। युवक से 4 ग्राम 600 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। प्रभारी एंटी नारकोटिक्स सेल ने बताया कि इंद्रा कॉलोनी के पास खडे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान संदीप निवासी करतारपुरा के रुप में हुई। युवक के पास से 4.600 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई है।

### चोरी की वारदात में शामिल आरोपी दबोचा



**रोहतक।** पुलिस ने शास्त्री नगर स्थित घर में हुई चोरी की वारदात आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी थाना विजेंदर सिंह ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी कुलदीप की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 8 दिसंबर को कुलदीप अपने घर आया। घर पर उसे सारा सामान बिखरा हुआ मिला। अलमारी में रखे हुए करीब 50 हजार रुपये व सोने के कानो की बालिया व माथे का टीका चोरी हुए मिले।

### बहलबा के युवक से मारपीट कर छीनी बाइक



**महम।** बहलबा के युवक की महम की काठ मंडी से जाते समय बाइक छीन ली। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है।दी शिकायत में शुभम पुत्र प्रवीन निवासी बहलबा ने बताया कि 23 दिसंबर को साढ़े पांच बजे वह काठ मंडी से होता हुआ अपने गांव बहलबा जा रहा था। रास्ते में दो युवकों ने उसकी बाइक रोक ली। उसके साथ मारपीट करके बाइक छीन ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके कार्यवाही की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी महम राकेश सैनी ने बताया कि मैन रोड पर खेडी महम की तरफ से आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अंकित निवासी बुडाखेडा जिला जींद के रूप में हुई है। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ हत्या व मारपीट के 2 मामले जींद में दर्ज है।

## 44 छात्रों-सात शिक्षकों ने लहराया सिक्किम में 16,500 फीट ऊंची रेनोक स्पीक पर परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक




हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से सिक्किम में स्थित 28 दिवसीय 16500 फीट ऊंची रिनॉक पीक एक्सपीडिशन का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे हरियाणा के 22 जिलों से एक छात्र एवं एक छात्रा, तीन महिला एवं तीन पुरुष अध्यापकों का चयन उनकी योग्यता के अनुसार पोर्टल के माध्यम से किया गया। एक्सपीडिशन का नेतृत्व कंटिजेंट लीडर श्रवण कुमार विज्ञान अध्यापक करनाल ने किया। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद एसोसिएट कंसलटेंट एवं कार्यक्रम संयोजक राम कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम को छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया। जिसमें छात्रों ने रॉक क्राफ्ट, रैपलिंग, जूमर क्लाइंबिंग, सर्वाइवल स्किल्स, अदर एस्पेक्ट्स का माउंटेनियरिंग आदि में महारत हासिल की।

### राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की तिथि 31 तक बढ़ाई



**रोहतक।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं से राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 31 दिसंबर बढ़ा दिया गया है। विभाग द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अनेक प्रकार के पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है और यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को प्रदान किए जाते हैं।

### ठिठुरे लोग, अलाव बना सहारा



**सांपला/ रोहतक।** मंगलवार को इलाका कोहरे की चादर में लिपटा रहा। अधिक कोहरा होने की वजह से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर करीब 12:30 बजे हल्की हवा चली तब लोगों को सूर्य देव के दर्शन हुए। उसके बाद सर्दी से लोगों को कुछ राहत मिली। घने कोहरे के कारण नेशनल हाईवे नो व 344 पर वाहन कतार में चलते नजर आए। हल्की सिंचाई करें किसान-कृषि विभाग ने किसानों को बढ़ती ठंड से फसलों को बचाने के लिए हल्की सिंचाई करने का सुझाव दिया है। उनका कहना है कि अभी तक फसलों में कोई नुकसान नहीं है। वहीं डैयरी मोहल्ले में ठंड बढ़ने पर अलाव का सहारा लेते दिखे लोग।



### फुटबॉल में एमडीयू ने ऑल इंडिया के लिए क्वालीफाई किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की पुरुष वर्ग की फुटबॉल टीम ने ऑल इंडिया मुकाबलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मंगलवारन कोटीम ने सीबीएलयू भिवानी को 2-1से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। एमडीयू के स्टार खिलाड़ी ने 2 बेहतरीन गोल फ्री किक लगाकर किए। गोल कीपर ने बेहतरीन पदर्शन करते हुए कई शानदार बचाव किए। जिसके कारण सौरव गोलकीपर को में ऑफ मैच से भी नवाजा गया। कैप्टन निशांत सैनी ने टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल के दौरान अपनी टीम को एकजुट रखा।




### एमडीयू की एम्प्लॉइज क्रिकेट टीम स्पर्धा के लिए नागपुर पहुंची

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एम्प्लॉइज क्रिकेट टीम 19वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप में भाग लेने के लिए नागपुर पहुंची। एमडीयू एम्प्लयॉज क्रिकेट टीम का पहला मैच 27 दिसंबर को महाराष्ट्र एनिमल एंड फिशरी साइंस यूनिवर्सिटी के साथ होगा। एमडीयू एम्प्लॉयइज क्रिकेट टीम ने नागपुर के श्री बिंझाणी नगर महाविद्यालय, सक्करदरा में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में भाग लिया और एमडीयू का फ्लैग मार्च पास्ट किया। एमडीयू कप्तान राजकुमार, उप कप्तान डॉ. विपिन सैनी की अगुवाई में टीम के सदस्यों ने पूरी खेल भावना के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ ली। टीम में डॉ. सुखबीर हुड्डा, पंकज नैन, दीपक कुमार, नरेंद्र शीलक, प्रवीन कुमार, योगेन्द्र सिवाच, ऋषि सैनी, गौरव दूरेजा, महिपाल, रामबीर, राजेश शर्मा, आनंद मोहन भगत, सुनील कुमार व राजेश रोहिल्ला।

## 14 लाख में होगा जनता कॉलोनी में जागरण पार्क का सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



जनता कालोनी में स्थित जागरण पार्क का सौंदर्यीकरण 14 लाख रुपये से करवाया जाएगा। पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने मंगलवार को पार्क में शुरू किए गए नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया।

पार्षद अमित बंसल ने बताया कि पार्क में व्यायाम करने के लिए मशीनें, बच्चों के लिए झूले, एक हट और दीवारों पर टाइल लगाई जाईगी। काफी समय से हकीकत नगर वेलफेयर सोसाइटी की मांग थी कि जागरण पार्क की मरम्मत होनी चाहिए। इस दौरान मेयर मनमोहन गोयल, पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप नारा, ईश्वर सिंगल, जय भगवान, पूर्व विधायक सरिता नारायण, दिनेश गोयल , प्रशांत राणा, पूर्व पार्षद जय किशन, राज कुमार, नरेश जैन, दीपक जिंदल, संजय शर्मा, मनीष गुप्ता, सतीश गोयल नीरज बंसल आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | पीजीआई के डॉक्टर्स ने मार्गदर्शिका लॉन्च की

## स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए मजबूत नैतिक मूल्यों और संचार कौशल को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में स्थित मेडिकल एजुकेशन यूनिट के डॉ प्रशांत कुमार, डॉ सुजाता सेठी, डॉ राकेश मित्तल व डॉक्टर आशुमा सचदेवा ने चिकित्सा शिक्षा में क्रांति लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) एक एटकाम मॉड्यूल की व्यापक सुविधा मार्गदर्शिका लॉन्च की है। इस मार्गदर्शिका को लॉन्च करते हुए कुलपति डॉ अनीता सक्सेना , कुलसचिव डॉ एच के अग्रवाल, निदेशक डॉक्टर एस एस लोहचब, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल व जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉक्टर उमेश यादव ने चारों चिकित्सकों की टीम को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने यह बहुत अच्छा प्रयास किया है। मार्गदर्शिका के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए डॉ प्रशांत कुमार ने बताया कि इसमें चार खंड शामिल हैं। इन गाइडों का विमोचन मेडिकल पाठ्यक्रम में एटीट्यूड, एथिक्स और कम्युनिकेशन (एईटीकॉम) जैसे आवश्यक घटकों को शामिल करने के लिए एनएमसी द्वारा शुरू की गई योग्यता-आधारित मेडिकल शिक्षा (सीबीएमई) ढांचे के अनुरूप है।

उन्होंने बताया कि इन फैसिलिटेटर गाइड के लॉन्च के पीछे प्राथमिक उद्देश्य शिक्षकों को संस्थानों में मेडिकल छात्रों के लिए एटकॉम सत्र प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए मदद करता है। डॉक्टर-रोगी संबंधों में बढ़ती जटिलताओं और आज के स्वास्थ्य देखभाल परिदृश्य में बढ़ते संघर्षों को देखते हुए, भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए मजबूत नैतिक मूल्यों और संचार कौशल को बढ़ावा देना अनिवार्य है।

### मार्गदर्शिकाएं शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण

डॉ सुजाता सेठी ने बताया कि एटकॉम, सीबीएमई के मुख्य तत्व के रूप में, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहानुभूति, व्यावसायिकता और प्रभावी संचार के महत्व पर जोर देता है। इन गाइडों में शामिल मॉड्यूल सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए हैं ताकि छात्रों को उन व्यवहारों को समझने और अभ्यास करने में सक्षम बनाया जा सके जो रोगियों के साथ उनकी दैनिक बातचीत के लिए आवश्यक हैं। एक प्रमुख चिकित्सा शिक्षाविद् और एनएमसी के सदस्य व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने इन गाइडों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, जटिल डॉक्टर-रोगी गतिशीलता वाले युग में, चिकित्सा में नैतिक आचरण और मजबूत संचार कौशल स्थापित करना अनिवार्य है। ये मार्गदर्शिकाएं शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण एटकॉम सिद्धांतों को प्रदान करने, सहानुभूतिपूर्ण और कुशल स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सकों की एक पीढ़ी का पोषण करने के लिए एक मूलभूत संसाधन के रूप में काम करेंगी।



**महम।** इंडो नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### इंडो नेपाल कबड्डी में छाए भैणीभैरों के खिलाड़ी, गांव पहुंचने पर किया स्वागत

**महम।** नेपाल में आयोजित की गई इंडो नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में भैणीभैरों गांव के खिलाड़ी आदिल रांगी और आर्य ने शानदार प्रदर्शन किया है। 14 साल आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में आंदिल और आर्यन को बेस्ट रेडर और बेस्ट कैचर का खिताब दिया गया। गांव में पहुंचने पर दोनों खिलाड़ियों का ग्रामीणों ने फूलों व नोटों की माला पहनाकर स्वागत किया। खुली जीप में इन खिलाड़ियों को महम से गांव तक ले जाया गया। ग्रामीणों ने उनकी जीत की खुशी में ढोल बजाकर खुशी मनाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने कहा कि ये दोनों बाल खिलाड़ी एक दिन ओलंपिक खेलों में उनके गांव के साथ साथ देश का नाम रोशन करेंगे। इंडो नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में प्रदेश के विभिन्न गांवों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। महम पहुंचने पर अन्य खिलाड़ियों का भी जोरदार स्वागत किया गया।

### खबरों के लिए हरिभूमि टीम

| | |
|---|---|
| मनोज वर्मा | 9253681012 |
| अमरजीत एस गिल | 8814999185 |
| विजय अहलावत | 9253681025 |
| नीरज वर्मा | 8814999188 |
| पंकज भाटिया | 9896363126 |
| छायाकार अनिल चहल | 9996236100 |

## खबर संक्षेप



### पैक्स कर्मचारी आज करेंगे सीएम आवास का घेराव

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा के कर्मचारियों की एक बैठक शाहाबाद पैक्स में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता कर्मचारी मंजीत सिंह ने की। बैठक के बाद हरियाणा सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने बुधवार को करनाल में मुख्यमंत्री का घेराव करने बारे कहा। मंजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा में सभी पैक्स कर्मचारी सरकार की नीतियों से परेशान है और इससे पहले 19 दिसंबर को पंचकूला में हरियाणा के सभी पेक्स कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया था।

### चोरों ने सूने घर से चुराई 25 हजार की नकदी

**यमुनानगर।** शहर की सत्यम विहार जोगिंदर नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये की नकदी तथा चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर का ताला लगाकर सरहिंद पंजाब गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के लिए गए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नपा ने रादौर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**रादौर।** नगरपालिका की ओर से मंगलवार को कस्बे में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नपा सचिव सुरेंद्र मलिक की देखरेख में कस्बे के कॉलेज रोड पर जेसीबी मशीन से सड़क किनारे पड़ी गंदगी की सफाई करवाई गई। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि कस्बे में गलियों व नालों की विशेष साफ-सफाई करवाई जा रही है।

### 80 पूडिया गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर के मनमोहन नगर एरिया से पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में मनमोहन नगर के रामचंद्र को 80 पूडिया गांजा सहित काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने भारत नगर काबड़ी रोड पर नशा तस्कर ओमपाल पुत्र खिलाराम निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत को 1 किलो 35 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी ओमपाल के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पिछले कई दिन से कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्तव्यस्त

# घने कोहरे व शीतलहर से ठिठुरे लोग

**मंगलवार को तीसरे दिन भी शीतलहर चलने और घना कोहरा छाए रहने से लोग ठंड में ठिठूरे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से शीतलहर चल रही है और घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी अल सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। आलम यह रहा कि घना कोहरा छाए रहे व शीतलहर चलने से मौसम में बनी हाड़तोड़ ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर बाद ही सूर्य देव के दर्शन हुए और लोगों ने धूप तापकर ठंड से राहत की सांस ली। वहीं, घना कोहरा पड़ने से जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।



**यमुनानगर।** मंगलवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को भी बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों से ग्राहकों की रौनक गायब है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिले में जहां दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा, वहीं, दिन भर शीत लहर चलने से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। कुछ ही ग्राहकों ने खरीददारी करने की हिम्मत जुटाई।

### घने कोहरे में वाहनों की हुई रफ्तार कम

मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। वहीं, दोपहर एक बजे तक आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही। दोपहर एक बजे के बाद किसी तरह सूर्यदेव के आगे से धुंध के बादल छंटने लगे और हल्की-हल्की धूप निकली। धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। मगर शाम चार बजे फिर से धूप गायब हो गई और लोग अपने गंतव्यों की रुख करने लगे। खास बात यह रही कि दोपहर तक जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से आधा से दो घंटा देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

### तापमान घटने से ठंड ने छुड़वाई कंपकपी

मंगलवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रह गया।

## कोहरे की चादर में लिपटा शहर, जनजीवन अस्त व्यस्त



**कुरुक्षेत्र।** आसमान में छाई कोहरे की चादर।

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को दोपहर तक शीतलहर चलने के साथ ही घना कोहरा छाया रहा। इस कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शीतलहर चलने के कारण कड़ाके की सर्दी पड़ने से लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। सुबह के समय लोग नींद से जागे तो उन्हें अंधेरे-सा अहसास हुआ। वाहन चालकों को दिन के समय भी हेडलाइट जलाना पड़ी। कोहरा इतना अधिक रहा कि आस-पास के मकान भी धुंधले दिखाई दे रहे थे। कपंकपाती सर्दी से बचने के लिए गलियों, चौराहों के साथ ही लोगों ने दुकानों के सामने अलाव जलाकर आग तापते रहे। सर्दी का प्रभाव इतना अधिक था कि गर्म कपड़े पहनने के बाद भी लोगों को ठंड से छुटकारा नहीं मिल पा रहा था। अलाव जला कर सर्दी से निजात पाने का प्रयास किया गया। ठंड के साथ धुंध लगातार बढ़ती जा रही है। हवा में ठिठुरन से हाड़ कंपाऊ ठंड से लोग परेशान हो रहे हैं। साथ पड़ रहा कोहरा भी कहर ढाने लगा है। सर्दी की अधिकता के चलते वाहन चालकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि यह कोहरा किसानों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ धुंध के चलते दृश्यता काफी कम रही। इसके चलते वाहनों की रफ्तार धीमी रही। सड़कों पर वाहन सवार लाइट जलाकर चलते नजर आए। दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा। सुबह अपने कामकाज पर जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, बाजारों में सुबह सर्दी के चलते दुकानें काफी देरी से खुली। दुकानदारों ने सुबह सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा। वहीं सर्दी के प्रभाव को देखते हुए बाजारों में गर्म कंबलों, कोट, गर्म जैकेट, जर्सी की भी मांग बढ़ गई है। गौरतलब है कि कोहरे के चलते ठंडक बढ़ गई है। सुबह से समय लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। दोपहिया वाहन चालक जब अपने गंतव्य पर पहुंचे तो उनके कपड़ों पर भी कोहरा जम गया था। दोपहर 12 बजे कोहरा हटा और इसके बाद हलकी धूप निकली।



इंद्री। गांव मटकमाजरी के पास बन रहे निर्माणाधीन शौरूमो पर चलता पीला पंजा।

## योजनाकार विभाग की टीम ने चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

जिला योजनाकार विभाग की टीम ने मंगलवार को इंद्री में पहुंचकर अवैध रूप से बने निर्माणाधीन चार शोरूमों व एक अवैध कॉलोनी में बनी मकान की नींव को पीले पंजे की सहायता से ध्वस्त कर दिया। डीटीपी ओमप्रकाश व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नगरपालिका इंद्री सचिव धर्मवीर भारी पुलिस बल के साथ इंद्री के मटक माजरी के पास खेड़ा रोड पर पहुंचे और वहां पर अवैध रूप से बनाए जा रहे तीन निर्माणाधीन शोरूमो को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया इसके बाद इन्ही शोरूमो के पीछे बनी एक अवैध कॉलोनी मे निर्माणाधीन मकान की नींव को भी तोड दिया। इस कार्यवाही के बाद डीटीपी अपनी टीम के साथ मुरादगढ रोड पर पहुंचे और वहां पर भी सड़क किनारे एक अवैध रूप से बन रहे निर्माणाधीन शौरूम को ध्वस्त कर दिया। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से इंद्री कस्बे के चारो तरफ धड़ल्ले से अवैध निर्माण का कार्य चल रहा था। जिला योजनाकार विभाग की इस कार्यवाही से अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों में हडक़ंप मच गया। डीटीपी ओमप्रकाश ने लोगो से कहा कि वे अवैध कलोनियो मे प्लाट न खरीदे क्योकि अवैध कलोनियों मे इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

### 528 नशीले कैप्सूल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र के नौरंग तालाब से नशीले कैप्सूलों की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी आशीष मल्होत्रा को काबू किया है। अब पुलिस ने उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। इसके बाद पुलिस ने नौरंग राय तालाब के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 528 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।

## पेयजल की पाइप न डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

वार्ड नंबर सात स्थित बालाजी मंदिर वाली गली में पिछले कई वर्षों से पीने की पाइप ना डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। कॉलोनी वासी बार-बार संबंधित विभाग व प्रशासन को इसके बारे में अवगत करवा चुके हैं लेकिन उसके बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही गुस्साए कालोनी वासियों ने प्रशासन के खिलाफ कॉलोनी में एकत्रित होकर रोष प्रकट किया है।

नीरज कुमारी गणपति, किरण, आशा रानी, अमित, साहिल,पोली देवी, यश, गोल्डी नर्मिला व रविता आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी का ज्यादातर हस्सिा एप्रूव्ड हो चूका है। कॉलोनी में मात्र एक दो गालियां ही ऐसी है जो अनुप्रूड है। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पिछले दिनों इन कॉलोनी में पीने के पानी हेतु पाइप डाल दिया था। लेकिन बालाजी मंदिर वाली गली व इसके एक साथ लगती गली में पाइप नहीं डाला गया। इसके बारे में उन्होंने संबंधित विभाग से कई बार पत्र व्यवहार भी किया व सीएम विंडो के माध्यम से भी प्रदेश सरकार से आग्रह किया। लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इन दोनों गलियों में पीने के पानी की पाइप डाली नहीं गई है।जिसके चलते इन दोनों गली के निवासियों को पानी की एक बाल्टी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

## 400 करोड़ के कर्ज में डूबी शुगर मिल को अटैच करने आदेश

- विरोध में उतरी किसान यूनियनें, एसडीएम ऑफिस में धरने का ऐलान, फसल लोन के 35 करोड़ भी डकारने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

- किसानों के 70 करोड़ फंसे

कर्ज में डूबी बनौंदी शुगर मिल को अटैच करने के आदेश जारी हो चुके हैं। अदालत के इन आदेशों के बाद वे किसान परेशान हैं जिनका करोड़ों रुपये का भुगतान मिल की ओर बकाया है। ऐसे में अब किसान मिल को अटैच करने के विरोध की तैयारी कर रही हैं। किसान यूनियनों ने बुधवार को एसडीएम ऑफिस के सामने धरने का ऐलान किया है। किसानों का कहना है कि अगर मिल कुर्क हो गई तो उनका बकाया भुगतान डूब जाएगा। किसान इन लंबित भुगतान के लिए धरने प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि कर्ज में डूबी मिल किसानों की इस पेमेंट का भुगतान नहीं कर पा रही है।



### 6000 किसानों का 70 करोड़ बकाया

बनौंदी शुगर मिल की ओर से 6000 से ज्यादा किसानों का करीब 70 करोड़ रुपये बकाया है। पिछले लंबे समय से

### फसल लोन के 35 लाख डकारे

2014 में राज्य सरकार की ओर से फसल लोन की योजना आई थीद्ध योजना के मुताबिक कोई भी गन्ना उत्पादक किसान शुगर मिल की गारंटी पर 3 लाख तक का क्रॉप लोन ले सकता है। इस योजना का फायदा शुगर मिल ने उठाया। उसने किसानों को बहला फुसलाकर 600 से अधिक किसानों के नाम पर दो बैंकों से 35 करोड़ से अधिक का लोन ले लिया।

### जेल की हवा खा रहे हैं मालिक

चीनी मिल को डूबोने में काफी हद तक मालिक राहुल आनंद व सहयोगियों का भी हाथ है। आरोप है कि राहुल आनंद ने कई अलग-अलग कंपनियां बनाकर सहयोगियों के साथ मिलकर एनएसईएल में 122 करोड़ का घोटाला किया है। 3 साल पहले हरको बैंक के जीएम की शिकायत पर शहजादपुर पुलिस ने राहुल आनंद पर केस दर्ज किया था।

### 400 करोड़ के कर्ज में डूबी मिल

बनौंदी शुगर मिल 400 करोड़ के कर्ज में डूबी है। पता चला है कि मिल की ओर हरको बैंक के करीब 120 करोड़, इरेडा के 200 करोड़ व किसानों के 70 करोड़ की रकम बकाया है। मिल घाटे में होने की वजह से हर साल यह रकम बढ़ती है। बढ़ते कर्ज की वजह से मामला अदालत में चला गया। इसी वजह से अदालत ने मिल को कुर्क कर बकाया भुगतान के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी किसानों ने कुछ दिन हपले ही मिल की ओर किसानों के बकाया गन्ने के भुगतान का जिक्र किया था। तब मुख्यमंत्री ने कहा था कि शुगर मिल निजी है।

## चीनी मिल के कुर्क होने के लिए सरकार जिम्मेदार

**प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर बोला हमला**

- पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



बनौंदी शुगर मिल के अटैच होने को लेकर अब प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही। किसान की जीवन रेखा पर कुर्की की नौबत आ गई। उन्होंने कहा कि 2014 में हाईकोर्ट में नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड ने केस दायर किया था जिसमें अन्य के अलावा नारायणगढ शुगरमिल मिल भी पक्षकार थी। सिविल रिट पिटीशन में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश को इस मामले में रिटायर्ड जस्टिस की अगुवाई में सुप्रीम कमेटी का गठन कर दिया था ।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कमेटी ने अपने आदेश दिनांक 24 अगस्त 2023 को शुगर मिल की संपतियों को अटैच कर दिया। 30 सितंबर 2019 की एसडीओ सिविल शुगर मिल की सीईओ भी है ने कैन कमश्निर को पत्र लिख इस सारे मामले से अवगत करते हुए एडवोकेट जनरल से कानूनी सलाह लेने के लिए लिखा लेकिन सरकार ने आंखे मुंदे रखी। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि यह मिल कुर्क हो जाती है तो मिल से जुड़े लगभग 7 हजार किसानों को भारी नुकसान होगा।

## जरुरतमंदों को कंबल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सर्दी के मौसम से बचाव के लिए श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान एवं प्रमुख समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता ने अपने परिजनों के सहयोग से लाला हरि चंद रविंद्र कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से नई अनाज मंडी में सैकड़ों जरुरतमंदों को गर्म कंबल तथा गर्म कपड़े वितरित किए। सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ विनय गुप्ता, शीशपाल सिंगला, हंस राज सिंगला प्रधान श्री कृष्ण कृपा गौशाला, राज कुमार मित्तल, अशोक गर्ग व अंशुल बंसल सदस्य कार्यकारिणी, राजेश सिंगला प्रदेश महासचिव अग्रवाल वैश्य समाज, कपिल मित्तल कोषाध्यक्ष श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत, हरविंद्र बंसल व चत्तर सिंह इत्यादि ने तीन सौ से अधिक लोगों को गर्म कंबल दिए। विनय गुप्ता ने बताया कि सत्य प्रकाश गुप्ता ने छोटे भाई स्वर्गीय रविन्द्र गुप्ता की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर कंबल वितरित किए। इसके उपरांत विशाल भंडारे में सैंकड़ों लोगों को भोजन करवाया गया।

## हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व

- श्रीमहेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में सुंदर कांड पाठ का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** प्रभु श्रीराम का गुणगान करते हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी।

श्री महेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में श्री बजरंग बालाजी दरबार द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से संगत पहुंची। इस दौरान हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी ने हनुमान जी की सुंदर झांकी प्रस्तुत की और प्रभु श्रीराम के भजन गाए। भट्टी ने कहा कि मेरे व मेरे परिवार पर हनुमान जी की अपार कृपा है। जो मुझे प्रभु श्रीराम की कृपा से हनुमानजी का रूप मिला हुआ है। हनुमान जी सदैव उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहते है। श्रीबजरंग बालाजी दरबार के संयोजक बजरंग दास ने कहा कि सुंदर कांड का पाठ करने से प्रभु श्रीराम जी की कृपा होती है। हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व होता है। मान्यताओं के अनुसार जो भी व्यक्ति नियमित अंतराल में घर पर सुंदरकांड का पाठ करता है उसे बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## करोड़ा अब स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा : गोलन

- विधायक रणधीर गोलन ने 45 लाख रुपये से गांव करोड़ा में स्ट्रीट लाइटों का किया उद्घाटन

**पूंडरी।** विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि हलके में करोड़ों रुपये की धनराशि से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अब गांव में ही लोगों को शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। रात के समय में जैसे लाइटों से शहर जगमग रहते हैं, वैसे ही इसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र भी लाईटों से जगमग होने लगे। यह सब हलके वासियों के आशीर्वाद से हो पाया है। विधायक रणधीर गोलन मंगलवार को गांव करोड़ा में 45 लाख रुपये की धनराशि से स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन करने उपरांत बोल रहे थे। गांव करोड़ा में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हलके में विकास कार्य मंजूर करवाए जा रहे हैं। लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाता है। ग्रामीण यदि सामुहिक मांगों को मेरे समक्ष रखते हैं तो उन्हें तुरंत मुख्यमंत्री मनोहर से मंजूर करवाया जाता है। पूंडरी हलके में बहुत से गांवों में सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया गया है तथा कई गांवों में सामुदायिक भवन पर कार्य चल रहा है। कहा कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सेवाओं का लाभ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वास्तव में ही विधायक रणधीर गोलन का काम करवाने की क्षमता में कोई मुकाबला नहीं हैं। पूरे हरियाणा में एकमात्र पूण्डरी हल्का है जहां सबसे ज्यादा ग्रांट विधायक ने सरकार से लाने का काम किया।

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को सफाई कर्मियों ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के जिला कार्यकारी प्रधान ईश्वर सिंह ने किया।

प्रदर्शन से पहले ग्रामीण सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को जिला में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को समय पर मानदेय नहीं दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का अक्टूबर महीने का भी मानदेय जारी नहीं हुआ है जबकि अभी हाल में पंचायत विभाग की ओर से बकाया वेतन जारी करने का लेटर भी जारी हो चुका है। इस महंगाई में एक-एक दिन काटना मुश्किल हो रहा है लेकिन स्थानीय अधिकारी सफाई कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ले रहे हैं। इसके इलावा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड आजतक जारी नहीं हुए हैं। जिला में कई ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मौत हो चुकी है लेकिन आजतक उसके परिवार को सरकार की तरफ से कोई मुआवजा नहीं मिला है।

## गणेशपुर में साहिबजादों के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूम न्यूज ▶▶ शहजादपुर

गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व फतेह सिंह के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए वीर बाल दिवस पर गांव गणेशपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमेन राजेश कुमार लाडी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि साहिब-ए-कमाल गुरू गोबिंद सिंह महाराज और माता गुजर कौर की शहीदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं। इस अवसर पर जिला परिषद.के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा भी मौजूद रहे। लाडी ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि हम साहिबजादों का जीवन संदेश हर बच्चे तक पहुंचाए, जिससे की बच्चे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश का एक अच्छा नागरिक बन सकें।

## स्कूल शिक्षा के मंदिर, पढ़ने वाले समाज की अमूल्य धरोहर

- संत मनदीप दास ने एसडीएम के साथ स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म का वितरण करते संत मनदीप दास व एसडीएम बलविंद्र हांडा। फोटो :हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सिरसगढ़ में यूनिफॉर्म वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत मनदीप दास की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह में अति विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा व सरपंच रामनाथ मौजूद रहे । यहां अपने संबोधन में संत मनदीप दास ने कहा कि स्कूल शिक्षा के मंदिर है। इनमें पढ़ने वाले विद्यार्थी समाज की अमूल्य धरोहर हैं। संत मनदीप दास ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा के ऊपर जोर दिया है । साथ ही कहा की बच्चों को शिक्षा संबंधित जरूरतों का ख्याल रखना शिक्षकों के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है इसलिए छात्रों की मदद करने से बेहद आत्मिक खुशी मिलती है।एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा ने छात्रों को स्कूली वर्दी प्रदान करने पर संत मनदीप दास महाराज का आभार एवं धन्यवाद जताया । एसडीएम ने कहा कि संत मनदीप दास ने स्कूली छात्रों को जरुरत का सामान उपलब्ध करवाकर नेक काम किया है। उन्होंने दूसरे लोगों से भी ऐसी सेवा में अपनी आहुति देने की बात कही। इस मौके पर श्री गुरू रविदास धर्म अस्थान मंदिर सिरसगढ़ के प्रधान अमित मल , रमेश कुमार धीन एवं कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहें ।

## खबर संक्षेप



### दो दिवसीय कब बुलबुल शिविर का शुभारंभ

**रोहतक।** भारत स्काउट एंड गाइड रोहतक के कब एंड बुलबुल विभाग के तत्वाधान में मॉडल संस्कृति स्कूल सांपला में दो दिवसीय कब बुलबुल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा व उप प्राचार्य सुनील नेहरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जबकि संचालन जिला संगठन आयुक्त राकेश मोर द्वारा किया गया। अतिथिगण सदस्यों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण कार्य डीटीसी संतोष दहिया, मास्टर ट्रेनर पूनम, राजेश, सरला, गायत्री, प्रमिला द्वारा किया गया।

### राज्य मार्गों पर अवैध कटों को बंद करने के दिए निर्देश

**झज्जर।** सड़क सुरक्षा के तहत योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए आमजन को जागरूक करने की दिशा में अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। शहरों के सभी प्रवेश व निकास प्वाइंट पर रोड मार्किंग, सेफ्टी डिवाइस जैसे रोड स्टड्स, कैट्स आई, बनाए जाएं। जिला की सड़कों पर पारदर्शिता बेहतर बनी रहे इसके लिए वार्निंग लाइट का प्रबंध किए जाए। अवैध रूप से सड़क पर वाहनों को न खड़े रहने दिया जाए चूंकि दुर्घटनाओं का सबब ऐसे अवैध तरीके से खड़े हुए वाहन बनते हैं।

### मांगों को लेकर कर्मचारी चार-पांच साल से कर रहे आंदोलन

# पैक्स कर्मचारी एक बार फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

सभी पैक्स फिर से हुए अनिश्चितकाल के लिए बंद, 26 हजार किसानों के सामने लोन देने-लेने का संकट

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

वेतन विसंगतियां दूर करने, सहकारी बैंकों में पदोन्नति के आदेश बिना शर्त हो, पैक्स अपने कार्यालय अपने स्तर पर ऑनलाइन करने, अनुकंपा के आधार पर सर्विस के आदेश 2019 से लागू हो, किसानों को कर्ज देने की लिमिट 3 लाख रुपये की जाएं और जिला सहकारी बैंकों का पैसा वापिस लेने की मांग, पैक्स कर्मचारियों की लगभग दस महीने बाद भी पूरी नहीं हुई। जिसकी वजह से कर्मचारी एक बार फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मियों ने कहा कि अबकी बार कुछ भी हो जाए, लेकिन आंदोलन तभी खत्म होगा जब सरकार सभी मांगों को पूरी करने के आदेश जारी करेगी। कर्मचारियों का कहना है कि इस बार सरकार के बहकावे में बिल्कुल भी नहीं आएंगे। गत चार साल से सरकार हड़ताल खत्म करवा देती है, लेकिन करती कुछ नहीं। बताया जा रहा है कि हड़ताल न केवल रोहतक जिले में बल्कि पूरे प्रदेश की पैक्स में लेनदेन बंद पड़ा है।

#### आंदोलन पर डाले सरसरी नजर



*दी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के उप प्रधान सुनील दांगी ने बताया कि मुख्यमंत्री से वर्ष 2019 में वेतनमान की खामियों को दूर करने और जिला सहकारी बैंकों में कर्मचारियों की पदोन्नति की मांग को लेकर बातचीत हुई। लेकिन आज तक एक भी मांग को सरकार ने पूरा नहीं किया। वर्ष 2022 में चंडीगढ़ में भी प्रदर्शन किया गया। उस समय दो सप्ताह में मांग पूरी करने का आश्वासन सरकार की तरफ से मिला। कई महीने बीत जाने के बाद भी मांग आज की तारीख में ज्यों की त्यों है। दांगी ने कहा कि सरकार ने केवल कर्मचारियों की ही मांग को पूरा नहीं किया। बल्कि बीते दस साल में किसानों को दिए जाने वाले कर्ज में एक रुपये की बढ़ोतरी नहीं की। जबकि एक दशक में खेती का लागत खर्चा दोगुना-तिगना हो चुका है। दांगी ने कहा कि हर दो-तीन साल के बाद किसान के कर्ज में बढ़ोतरी की जाती रही है। लेकिन वर्तमान समय में यह नहीं किया जा रहा।*

#### 22 गांव में अपेक्स

*चांदी, मदीना, महम, बहलबा, रोहतक, खेड़ी महम, सैमाण, किलोई,बसंतपुर, जसिया, खरावड़, सांपला, लाखनमाजरा, काहनौर, कलानौर, भाली, भालौठ समेत 22 गांवों में पैक्स हैं। जिले के सभी गांवों के किसान पैक्स से ही कर्ज लेते-देते हैं इनमें कार्यरत कर्मचारी गत 10 जनवरी से कलम छोड़ हड़ताल पर हैं। जिसकी वजह से किसानों को परेशानियां हो रही हैं। किसान लेनदेन के लिए अपेक्स कार्यालय जाते हैं। लेकिन कर्मचारियों का जवाब होता है कि हड़ताल की वजह से प्रबंधन किसी भी प्रकार का लेनदेन नहीं करेंगे।*

#### पौने चार करोड़ रुपये का लेनदेन अटका

हड़ताल की वजह से किसान अव्यवस्थित हो गए हैं। 25-26 हजार किसानों द्वारा रबी सीजन के लिए लिए जाने वाला करीब पौने चार करोड़ रुपये का लेनदेन नहीं हो पा रहा है। बावजूद सरकार संज्ञान नहीं ले रही है। हड़ताल कर्मचारियों ने बताया कि वर्ष 2019 में मांगों को लेकर किसी अधिकारी से नहीं बल्कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल से बातचीत हुई थी। लेकिन एक भी मांग को आज चार-पांच साल बाद भी पूरा नहीं किया गया। मालूम हो कि जिले के सीमांत किसानों और खेतीहर श्रमिकों को अपेक्स फसली कर्ज देती है। ताकि किसानों को खेती करने के लिए साहूकार के यहां अंगूठा न टेकना पड़े। वर्ष 2013 से तो इन दोनों वर्गों को बिना ब्याज के पैक्स कर्ज दे रहे हैं। पैक्स कर्ज की वसूली साल में दो बार फसलों की बिक्री पर करता है। किसान नवंबर-दिसंबर में फसल बेचकर खरीफ का कर्ज चुकता करते हैं। इसके बाद अप्रैल-मई में रबी की बिक्री करके लोन की वापिसी करते हैं। कुल मिलाकर पैक्स ही किसानों की मदद करती है। लेकिन अब इसके कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सरकार के समक्ष गुहार लगा रहे हैं।

# वीर बाल दिवस पर शहादत को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में वीर बाल दिवस मनाया गया। पिछले साल 2022 में इस शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई। सिक्खों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की वीरता और शहादत को याद करने के लिए मंगलवार वीर बाल दिवस मनाया गया। प्रार्थना सभा के दौरान कक्षा तीसरी तथा सातवीं के छात्रों ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की वीरता और बलिदानों को नाटकीय रूप में प्रस्तुत कर सभी को उनके बलिदानों से अवगत कराया। बच्चों ने भाषण के माध्यम से देश धर्म के लिए प्राणों की आहुति देने वाले इन वीर भक्तों को श्रद्धांजलि दी और उनके राष्ट्र निर्माण में हुए अतुल्य सहयोग की सराहना की। प्राचार्या ममता मलिक ने कहा कि वीर दिवस एक संस्मरण है जो हमें अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण, अदम्य साहस, और मातृभूमि के प्रति अमर प्रेम की भावना को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या मेंशका, हर्ष, रेखा, नीलम, विन्नी, सफलता, सीमा, ऊषा, इला, सुदेश, दुर्गा, ज्योति चावला, सिमरन मिगलानी, दीपमाला, स्नेहलता, ऋचा, विनीता कनिका, विकास आदि मौजूद रहे।

### शहीद उधम सिंह का जन्मदिवस मनाया

**रोहतक।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन नेहरू कालोनी में हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन ने वीर शिरोमणि शहीद-ए-आजम उधम सिंह का 124 वां जन्मदिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ. अनिल मेहरा ने की। इस अवसर पर समाज के बुद्धिजीवियों ने डॉ. फूल कुमार मुवाल को प्रोफेसर बनने पर सम्मानित किया। अध्यक्ष डॉ. अनिल मेहरा ने कहा कि सरकार को 26 दिसंबर को वीर शिरोमणि शहीद-ए-आजम उधम सिंह के जन्मदिवस पर राजपत्रित अवकाश घोषित करना चाहिए और शहीद उधम सिंह को भारत रत्न की उपाधि देनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ. फूल कुमार मुवाल, कृष्ण मुंडे आदि रहे।



### वीर बाल दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**रोहतक।** शिक्षा भारती विद्यालय बहुअकबरपुर में वीर बाल दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद वशिष्ठ तथा विद्यार्थियों द्वारा सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों (अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह) की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरु परिवार द्वारा किए गए बलिदानों के प्रति अपने श्रद्धा सुमन गीत, कविताओं एवं भाषण के माध्यम से अर्पित किए। कक्षा नौवीं की अंजलि ने अजीत सिंह तथा जुझार सिंह द्वारा धर्म की रक्षा हेतु किए गए बलिदान संबंधित संक्षिप्त जानकारी दी। विद्यालय के आचार्या गुंजन ने गुरु परिवार की बहादुरी एवं शहादत का इतिहास बहुत सरल शब्दों में विद्यार्थियों के सम्मुख प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु परिवार ने मानवता एवं धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके त्याग एवं बलिदान को हमें भुलाना नहीं चाहिए तथा उनसे प्रेरणा लेते हुए देश एवं धर्म की रक्षा हेतु हर संभव प्रयास करने चाहिए।



### देशहित में कार्य कर रही मोदी सरकार: सतीश

**रोहतक।** गांव चिड़ी व नांदल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में नेता सतीश नांदल ने शिरकत की। उन्होंने लोगों को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, महिला, किसान व युवाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। सतीश नांदल ने कहा कि संकल्प यात्रा ने मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी द्वारा वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी गरीब भूखा न रहे और सभी गरीबों को पक्का मकान मिले। डॉ. दिनेश घिलौड़ ने कहा कि सरकार लोगों के घर द्वार पर पहुंच कर उन्हें योजनाओं का लाभ दे रही है ताकि गरीब व्यक्तियों का जीवन स्तर सुधर सके। इस अवसर पर सतीश नांदल, डॉ. दिनेश घिलौड़, राजबीर आर्य, सत्य प्रकाश बिसला, नवीन ढुल, सोनु दलाल, पंचायत समिति के चेयरमैन सुरेंद्र दलाल, महासिंह दलाल, सुखबीर विस्तारक, जयभगवान हुड्डा, बिट्टू राठी, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जरनैल सिंह नैन, सामाजिक शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी सुनील श्योराण, सरपंच नवीन, सरपंच जयप्रकाश नांदल मौजूद रहे।

# खंड स्तरीय स्पेल बी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में मंगलवार को खंड स्तरीय स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता खंड संसाधन समंवयक साधना वर्मा ने की। कार्यक्रम के सूत्रधार विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कटारिया रहे तथा ओवरऑल इंचार्ज बीआरपी सुदेश रही। ब्लॉक लेवल रीडिंग प्रमोशन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कलानौर ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 में 12 के विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 के लिए हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता, क्विज़ ओन टेंसेज, कविता, कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जबकि कक्षा 6 से 8 के लिए हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता, स्पेल हिंदी वर्तनी इंग्लिश स्पेल बी और हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगीताओं में ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका मुख्य डाइट मदीना से संस्कृत प्रवक्ता राजीव कुमार तथा कलानौर खंड के इंग्लिश और हिंदी भाषा के पीजीटी राकेश कुमार, अशोक कुमार, मधु, नताशा, परवीन आदि विषय विशेषज्ञों ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य देवेंद्र कटारिया ने कहा कि भाषा ज्ञान सभी विषयों को सीखने में अहम भूमिका निभाता है तथा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आधारभूत समझ का निर्माण करती हैं। कार्यक्रम के संचालन में प्रमुख भूमिका बीआरपी सुदेश तथा एबीआरसी शालू की रही।


# भाजपा सरकार को जनता के स्वास्थ्य की चिंता नहीं: ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने प्रदेश में चिकिसकों की हड़ताल की घोषणा पर राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग को जान बूझकर हड़ताल के लिए परेशान करती है। सरकार की गलत नीतियों के वजह से आज हर वर्ग सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। कभी किसान मुआवजे की मांगों को लेकर सड़कों पर उतरते हैं तो कभी युवाओं नौकरियों की मांगों को लेकर, तो सरकारी कर्मचारी सरकार की नीतियों का विरोध करते हैं। कभी महिलाएं कानून व्यवस्था को लेकर विरोध करती है। लेकिन इसके बावजूद सरकार प्रदेश की जनता की तकलीफें समझ नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि बुधवार को ओपीडी बंद होने के कारण लाखों मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ेगा। सरकार जानबूझकर डॉक्टर्स को ओपीडी बंद रखने के लिए मजबूर कर रही है। यह जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

# चिड़ी एवं नांदल गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत




**रोहतक।** विकसित संकल्प यात्रा के दौरान पात्रों को जानकारी देते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाखन माजरा खंड के गांव चिड़ी व नांदल में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इन दोनों गांवों में अब तक सामाजिक सुरक्षा पैंशन के तहत 125 पैंशन स्वतः बनी हैं। दोनों गांवों में आयुष्मान व चिरायु हरियाणा योजना के कुल 5353 लाभार्थियों में से अब तक 167 लाभर्थियों ने लगभग 47 लाख रुपये की धनराशि के स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठाया है। यह जानकारी उपायुक्त अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलवाया गया। जिला प्रशासन द्वारा लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जांच की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाइयां भी वितरित की जा रही हैं। एलईडी स्क्रीन से युक्त वैन के माध्यम से लोगों को योजनाओं की लघु फिल्में दिखाई गई तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी सुनाया गया।

#### पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि चिड़ी गांव में 1555 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 87 पैंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 4124 लाभार्थियों में से 131 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 34 लाख 8 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है।



### एसवीएम कॉलेज में हुई फ्रेशर व ऑथ सेरेमनी

रोहतक। एसवीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग बालंद में फ्रेशर व ऑथ सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आशीष गोयल ने दीप जलाकर किया। कॉलेज के डायरेक्टर श्रीपाल ने कॉलेज की उपलब्धियों के बारे में अवगत करवाया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजेंद्र शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट सबको बताई व विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इसके बाद हरियाणवी, राजस्थानी व गुजराती नृत्यों का प्रदर्शन किया गया। प्रिंसिपल डॉ. राजेंद्र शर्मा ने बताया कि रंगारंग कार्यक्रम में हरविंदर को मिस्टर फ्रेशर, लक्षिता को मिस फ्रेशर, रोहन को मिस्टर टैलेंटेड चुना गया। वहीं, काजल को मिस टैलेंटेड, हर्ष को मिस्टर पर्सनैलिटी व कोमल को मिस पर्सनैलिटी घोषित किया गया। अंत में सभी बच्चों को बधाई दी गई।

### सूचना

मैं, धर्मबीर पुत्र श्री दीपचंद निवासी महम, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरे पुत्र विजय कुमार तथा नवीन और मेरी पुत्रवधुएं लक्ष्मी पत्नी विजय कुमार व पूजा पत्नी नवीन मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### खाप पंचायतों की महिला प्रतिनिधियों ने व्यक्त की चिंता

# कार्यशाला में घटते लिंगानुपात पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




आरपी एजुकेशन सोसाइटी, श्री साईं वेलफेयर सोसाइटी व गर्ल्स काउंट के संयुक्त तत्वाधान में "लिंग अनुपात एवम् घटता शिशु लिंग अनुपात" विषय पर इंटर अर्बन होटल के सभागार में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें खाप पंचायतों की महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस संवाद कार्यक्रम में 15 विभिन्न खाप (सांगवान, हुड्डा, दहिया, धनखड़, खासा, बुधवार, अहलावत आदि) पंचायतों के अतिरिक्त किसान आन्दोलन के महिला प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। जिनमें हरियाणा के जींद, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, सोनीपत, गुरुग्राम और हिसार से 40 महिला प्रतिनिधि शामिल रहे। आर पी एजुकेशन सोसाइटी के निदेशक डॉ सतीश कुंडू ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में प्रकाश डाला और उपस्थित प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि विषय पर आपकी सोच व भूमिका के बारे में विस्तार से बताए।

विशिष्ट अतिथि डॉ कृष्णा चौधरी रिटायर्ड प्रिंसिपल ने महिलाओं का ध्यान आकर्षण किया कि हरयाणवी संस्कृति में कसूर किसी का हो गाली मां बहन की ही दी जाती है, जिससे कि महिला सम्मान को ठेस पहुंचती है। महिलाओं को भी अपनी मानसिकता बदलने की जरुरत है। अब जब 50 प्रतिशत भागीदारी ग्राम पंचायतों में भी हो चुकी है, घर से बाहर निकलकर काम पर भी जाने लगी हैं तो लिंग जांच एवं चयन पर भी नियंत्रित करके शिशु लिंग अनुपात में सुधार के प्रयास किये जा सकते हैं । गर्ल्स काउंट समन्वयक डॉ रिजवान ने आंकड़ों के साथ हरियाणा में घटते शिशु लिंग अनुपात पर चिंता जताई तथा खापों की सकारात्मक भूमिका की आवश्यकता पर बल दिया। वर्चुअल माध्यम से यूनफपीए प्रतिनिधि अनुजा गुलाटी ने आकंड़ों की सहायता से जन्म के समय लिंग अनुपात, बालकों का लिंग अनुपात और लिंग अनुपात के साथ जेंडर व सेक्स के मध्य अंतर को स्पष्ट रूप से समझाया। भारतवर्ष में 3.6 प्रतिशत लड़कियां पैदा नहीं होने दी जा रही बल्कि हरियाणा में ये आंकड़ा 11 प्रतिशत है। रामचंदर पुनिया ने कहा कि महिलाओं को खाप में अपना प्रतिनिधित्व बढ़ाना होगा। बेटियों के नाम रखने में भी शब्दों के चयन में ध्यान देना चाहिए। परियोजना प्रमुख सुनील कुमार ने कार्यशाला का सफल संचालन किया। प्रोफेसर जितेंदर प्रसाद ने अपने वक्तव्य में रेखांकित किया कि महिलाओ की राजनीतिक भागीदारी से नये आयाम बनेंगे और महिलाये पहले से ज्यादा सबल हो पाएंगी । इस कार्यशाला की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि सभी महिला खाप पंचायतों ने बालिकाओं की घटती संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि क्यों न लिंग जांच के विरुद्ध भी एक सामाजिक आन्दोलन की शुरुआत की जाए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुशीला खासा, सुमन हुड्डा, मिथलेश, गीता अहलावत, डॉ निर्मला, अनीता सुद्कैंन, सुनीता, ममता कादयान, राजबाला चहल, पुष्पा धनखड़, सुदेश कंडेला, सुदेश नगुरा, प्रोमिला, अनीशा, कमलेश सांगवान, अनोखी, प्रियंका के अतिरिक्त डॉ सतीश सांगवान, डॉ अलका, श्रीभगवान पहल, सुमन रानी आदि उपस्थित रहे। कार्यकम के अंत में आर पी एजुकेशन सोसाइटी के श्रीभगवान पहल ने सभी प्रतिभागियों का विशेष आभार जताया।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600






## खबर संक्षेप



### मदीना सरकारी स्कूल की छात्राओं को बांटे जूते

**महम।** महम उपमंडल के गांव मदीना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को गरंप के बाला जी धाम के गद्दीनसीन भगत राम फूल द्वारा छात्राओं को जूते व जुराब वितरित किए गए। स्कूल प्राचार्य अनुज मलिक ने बताया कि कार्यक्रम में गांव के सरपंच प्रतिनिधी संदीप दांगी द्वारा छात्राओं को प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जागरूक करते हुए गांव को पॉलिथीन मुक्त करने का आह्वान किया।



### शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए 50 ने किया रक्तदान

**रोहतक।** शहीद उधम सिंह और महाराजा सूरजमल की याद में सुनो नहरों की पुकार मिशन द्वारा मंगलवार को छोटूराम विधि संस्थान के बाहर लगाए गए शिविर में 50 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर के संयोजक रक्त वीर अजय हुड्डा ने बताया कि मंगलवार को यह शिविर देश के महान सपूतों शहीद उधमसिंह और महाराजा सूरजमल की याद में पीजीआईएमएस की देखरेख में लगाया गया।



### बेटी के जन्मदिन पर किया कुआं पूजन

**सांपला।** खरावड़ में बेटी के जन्म पर खुशी मनाते हुए कुआ पूजन किया गया। खरावड़ निवासी गीता रानी ने बताया कि उसकी बेटी मोंटी के पास पहले एक बेटी थी। अब दो बेटियों को जन्म दिया है। बेटी के जन्म पर पूरे परिवार ने मिलकर खुशी मनाई। ननिहाल से बेटी के नामांकन के साथ पूजन की तारीख रखी गई और मंगलवार को कुआ पूजन किया गया।

## उप राष्ट्रपति जयदीप धनखड़ की गरिमामयी उपस्थिति में शोधार्थियों ने ग्रहण की उपाधि

# बहुतों को मिली मंजिल, बाकी हैं उड़ान में, पीएचडी की डिग्री पाकर खुशियां पहुंची आसमान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह में मंगलवार को बतौर उप राष्ट्रपति जयदीप धनखड़ की गरिमामय उपस्थिति में 1216 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। इन शोधार्थियों में से काफी को उनकी मंजिल हासिल हो गई। यानि के नौकरी मिल गई है। औरों की उड़ान जारी है। पीएच की डिग्री हासिल करना भी कोई छोटी उपलब्धि थोड़े होती है। डिग्री न केवल युवाओं ने हासिल की। बल्कि सेवानिवृत शिक्षक भी उपाधि पाकर गदगद दिखाई दे रहे थे। जिन्हें अभी तक नौकरी नहीं मिली है, उनका कहना है कि अब जॉब के लिए थोड़ी सी मेहनत करनी और शेष है।

उपाधि अंलकरण समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान है। आज पूरे विश्व में देश की गूंज है। वर्ष 2047 तक हम विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके होंगे। भारत विश्व गुरु के रूप में विश्व को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करेगा। उप राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. बीआर अंबेडकर के शब्द "यू शूड बी इंडियन फर्स्ट, इंडियन लास्ट.." हम सबके लिए प्रेरणा पुंज होना चाहिए। भारत विश्व का पांचवां सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था का देश है। आने वाले समय में विश्व का तीसरा बड़ा अर्थ व्यवस्था बनेगा। जरूरत है कि 'डिसरप्टिव टैक्नोलोजीस', आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग राष्ट्रीय विकास में किया जाए। इनमें आर्टीफीसियल इंटैलीजेंस, ग्रीन एनर्जी, क्वांटम कंप्यूटिंग का विशेष उल्लेख उप राष्ट्रपति ने किया। इन्होंने कहा कि जीवन में निरंतर प्रयास जरूरी है। प्रयासों में असफल होने पर निराश न होकर, प्रयासों को पुनः प्रारंभ करने का परामर्श उन्होंने दिया। "स्क्रिप्ट एंड एक्जीक्यूट योर ओन सक्सैस स्टोरी" का मंत्र उन्होंने विद्यार्थियों को दिया। संबोधन के प्रारंभ में महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन तथा दर्शन से प्रेरणा लेकर सत्यता के पथ पर चलने का आह्वान उपराष्ट्रपति ने किया। विशेष रूप से बुजुर्गों तथा परिजनों की सेवा करने की नेक सलाह भी उप राष्ट्रपति ने दी।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बेस्ट पीएचडी थीसिस के 12 अवार्डीज तथा तीन पदक विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह में स्मारिका-पुस्तिका का विमोचन किया गया। उप राष्ट्रपति ने एमडीयू परिसर में पौधारोपण भी किया।

समारोह में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को डॉक्टर आफ लैटर्स (लॉ)-डिलिट (ओनरीस कोज़ा) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपनी मातृ संस्थान एमडीयू का इस सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, लगन से स्वर्णिम भविष्य का हम निर्माण कर सकते हैं।

हरियाणा के राज्यपाल को बधाई देते हुए कहा कि सन 2047 के विकसित भारत का जो विजन, स्वप्न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सामने रखा है, उसे शिक्षा, शोध तथा नवाचार से हमें पूरा करना होगा। भविष्य का नया भारत युवा वर्ग के प्रयासों से बनेगा, ऐसा उनका कहना था। राज्यपाल-कुलाधिपति ने पीएचडी डिग्री प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से अपने ज्ञान-कौशल का उपयोग अभ्यर्थियों से समाज कल्याण के लिए करने का आह्वान किया।

एमडीयू कुलपति प्रो राजबीर सिंह ने दीक्षांत समारोह में स्वागत भाषण दिया। वीसी ने विश्वविद्यालय के प्रगति यात्रा का विस्तृत वर्णन अपने संबोधन में किया।



### फल जरूर लाती है मेहनत

मेहनत फल एक दिन अवश्य रंग लाती है। उस मेहनत के परिणाम स्वरूप आज उन्हें पीएचडी की डिग्री हासिल हुई है।
-हर्षदीप छिकारा, वाणिज्य विभाग

### सफलता शॉर्टकट से नहीं मिजती

सफलता कभी भी शॉर्टकट से नहीं मिलती है। इसके लिए दिन रात परिश्रम करना होता है, जो परिश्रम करता है, उसे ऊंचे ये ऊंचा मुकाम हासिल हो जाता है।
-सहायक प्रो. पूनम

### गुरुजनों की बदौलत ही आज इस मुकाम पर हूं

मैं गुरुजनों की बदौलत ही आज इस मुकाम पर पहुंची हूं। शिक्षकों ने जो रास्ता मुझे दिखाया, मैं उस पर चलती रही। और आज में बहुत खुश हूं। -प्रीति, सहायक प्रोफेसर



### इनके थीसिज रहे सबसे बेस्ट

बेस्ट पीएचडी थीसिस का स्वर्ण पदक रसायन शास्त्र विभाग की प्रियंका सहरावत को, रजत पदक रसायन शास्त्र विभाग के अनुज को तथा कांस्य पदक रसायन शास्त्र विभाग की प्रिया फौगाट को प्राप्त हुआ। इस समारोह में बेस्ट पीएचडी थीसिस के सर्टिफिकेट ऑफ एप्रीशियशन विजया कुमारी (रसायन शास्त्र), विकास (रसायन शास्त्र), रविना (मेडिकल बायो टैक्नोलोजी), सविता (यू. आई. ई. टी.), सुरेश कुमार (रसायन शास्त्र), अनीश (बायो टैक्नोलोजी), श्वेता जयसवाल (माइक्रो बायोलोजी), सोनू (माइक्रो बायोलोजी) तथा मीनाक्षी (यूआईईटी) को प्राप्त हुआ। इन शोधार्थियों को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### सेवानिवृत के बाद हासिल की पीएचडी

सेवानिवृत के बाद मैंने अब पीएचडी की उपाधि हासिल की तो खुद पर फक्र महूसस हो रहा है। किसी ने सही ही कहा है कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं।
-सुधीर कुमार, सेवानिवृत प्राचार्य





रोहतक। पीएचडी की डिग्री लेने के बाद खुशी मनाते हुए ।

# कम्युनिटी सेंटर में क्रिसमिस पर हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एलपीएस बोसार्ड द्वारा आईटीआई में स्थित मदनलाल धींगड़ा कम्युनिटी सेंटर में क्रिसमिस कार्निवल पर बच्चों के लिए किडजानिया रेड कार्पेट 2023 रैम्प वाल्क प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 265 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों को 4 कैटगरियों में विभाजित किया गया।

मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, अति विशिष्ट अतिथि पठानिया स्कूल के डायरेक्टर आंशुल पठानिया, समाज सेवी आशीष मित्तल, पल्लवी हांडा ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। जज की भूमिका कमलेश दुआ ने निभाई। मंच का संचालन पल्लवी तुषार हांडा ने किया। समारोह में जादूगर ने ताश के पत्तों का जादू दिखाकर सभी बच्चों का मन मोह लिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल, अशोक आदि मौजूद रहे।




# स्कूल निदेशक जयनारायण ने विजेताओं को दी बधाई

- वार्षिक समारोह में आदर्श स्कूल मदीना के प्रतिभावान खिलाड़ियों और विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना के प्रांगण में दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता एवम् पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्या मंजूलता ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित वार्षिक समारोह की शुरूआत की।

बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में स्कूल के खिलाड़ी जिन्होंने खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किए उनको सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक शैक्षणिक गतिविधियों में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने करने वाले सभी छात्र , छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल किए हैं, उन सभी को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार वितरण स्कूल प्राचार्या मंजूलता और एकेडमिक डायरेक्टर मनविजय द्वारा किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ी अक्षय,तनुज,बलजीत,अंशुमन और भविष्य के अलावा जिन खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तर व जिला स्तर पर स्थान प्राप्त किया है।




महम। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए आदर्श स्कूल मदीना की प्राचार्या मंजूलता।

### छात्रों को खेलों के महत्व के बारे में बताया

प्रतियोगिता के पहले दिन नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के बच्चों की कोन रेस, बिस्कुट रेस, बॉल रेस, थ्री लेग रेस, लेमन रेस और फ्रॉग रेस का आयोजन किया गया। दूसरे दिन छठी से बारहवीं कक्षा के बच्चों की 100 मीटर रेस, 1500 मीटर ओपन रेस, रिले रेस, रस्सा कस्सी व लंबी कूद आदि खेलों का आयोजन किया गया। प्राचार्या मंजू लता ने कहा खेलों के अभियान का मकसद है शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास को प्रोत्साहित करना है। इसे न केवल आपका शरीर स्वस्थ रहेगा, बल्कि आपका मन भी विकसित होगा और आप अपनी क्षमताओं का उपयोग करना सीखेंगे। उन्होंने खेलों के महत्व को व्याख्यान के माध्यम से बच्चों को समझाया और उन्हें प्रेरित किया कि वे खेलों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## वित्तीय सलाहकार राजेश जिंदल कंबोडिया में होने वाले सम्मेलन में हिस्सा लेंगे



**रोहतक।** वित्तीय सलाहकार राजेश जिंदल को कंबोडिया में होने वाले सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण मिला है। यह सम्मेलन 6 जनवरी से 9 जनवरी तक होगा। सम्मेलन में भाग लेने वाले जिंदल हरियाणा के इकलौते प्रतिनिधि है। राजेश जिंदल को हरियाणा से प्रथम कॉर्पोरेट प्रथम टी ओ टी यूएसए, प्रथम सी ओ टी, प्रथम एमडीआरटी होने का गौरव प्राप्त है। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक कमल कुमार, शाखा प्रबंधक भारत सभरवाल, विकास अधिकारी संजय गुप्ता, सामाजिक धार्मिक संगठनों ने राजेश जिंदल को बधाई दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# मास्टर चांद सिंह बने प्रदेश खो-खो संघ के चेयरमैन



### चांद सिंह ने अगस्त 2023 को दुबई में चार गोल्ड जीते

चांद सिंह अहलावत ने अगस्त 2023 को दुबई में चार गोल्ड मेडल जीते और 12.56 मीटर गोला फैंककर एशियाई रिकार्ड को धाराशाही किया। अहलावत ने कहा कि मैंने अपने 62 वर्ष के खेल जीवन में 4 हजार के लगभग खिलाड़ी तैयार किये जो भिन्न-भिन्न पदों पर कार्यरत हैं। जिनमें सुनील डबास को राष्ट्रपति द्वारा पदमाश्री अवार्ड, अर्जुन अवार्ड, द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। अहलावत ने गत सोमवार को ताऊ देवीलाल स्टेडियम गुड़गांव में आयोजित 32वीं हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में के शॉटपुट, डिस्कसथ्रो, जेवलीनथ्रो मुकाबले में 3 गोल्ड मेडल जीते जिनका चयन हरियाणा की टीम में हुआ जो 13 से 17 फरवरी, 2024 तक पुणे महाराष्ट्र में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगें। चांदसिंह अहलावत ने बताया कि मेरा अगला लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना है।

- अनूप लोहान को अध्यक्ष, महेन्द्र सिंह कम्बोज को महासचिव सर्वसम्मति से चुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक निजी होटल में आयोजित हरियाणा प्रदेश खो-खो संघ की आम सभा की बैठक संघ के उपाध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मास्टर चांद सिंह अहलावत को सर्वसम्मति से हरियाणा प्रदेश खो-खो संघ का चेयरमैन बनाया गया। इनके अलावा अनूप लोहान को अध्यक्ष, महेन्द्र सिंह कम्बोज को महासचिव सर्वसम्मति से चुना गया।

मुन्नी जून, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोनू दलाल संयुक्त सचिव, बृजभान कोषाध्यक्ष, अलबाद सिंह सदस्य कार्यकारिणी चुने गए। बैठक में मास्टर वेटरने के धावक रणबीर सिंह मलिक और रोहताश ओहलाण को भी सम्मानित किया गया।

ध्यान रहे कि गत 62 वर्षो से खेलों से जुड़े वरिष्ठ अनुभवी खिलाड़ी मास्टर चांदसिंह अहलावत जिन्होंने नेपाल, भूटान, श्रीलंका, इन्डोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, दुबई में आयोजित मास्टर वेटरन प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतने का रिकॉर्ड बनाया हुआ है। गौरतलब है कि चांदसिंह अहलावत ने 25 वर्ष तक लगातार हरियाणा प्रदेश खो-खो संघ के महासचिव के पद पर कार्य किया।

20 वर्षो तक लगातार खो-खो फैडरेशन ऑफ इंडिया के सीनियर वाईस प्रेजीडेंट के पद पर भी अहलावत रहे हैं। वर्ष 1995 में हरियाणा ओलम्पिक संघ का संयुक्त सचिव के पद पर कार्य किया।

# सैनी एजुकेशन सोसाइटी का चुनाव 11 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैनी एजुकेशन सोसाइटी में 11 फरवरी को 100 कॉलेजियम सदस्यों और 28 फरवरी को संस्था और दो कॉलेज की गवर्निंग बॉडी का चुनाव होगा। यह जानकारी सैनी एजुकेशन सोसाइटी प्रधान धर्म सिंह दहिया ने दी। उन्होंने बताया कि वे संस्था के चुनाव समय पर करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि गवर्निंग बॉडी द्वारा जींद निवासी खेमचंद सैनी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त सहायक चुनाव अधिकारी के तौर पर शिवकुमार सैनी, सेवानिवृत्त तहसीलदार (जुलाना), सतबीर सिंह शास्त्री, सेवानिवृत्त लेक्चरर (शिक्षा विभाग), जगदीश चंद्र सैनी, रिटायर्ड (एसबीआई), सुभाष दहिया, सेवानिवृत निरीक्षक (हरियाणा सरकार) और रामप्रकाश सैनी, सेवानिवृत्त सचिव (रेडक्रॉस रोहतक) को नियुक्त कर चुनाव का शंखनाद कर दिया है। प्रधान ने कहा कि संस्था में 15137 सदस्य हैं, जो नई कार्यकारिणी का चयन करेंगे। इसके लिए नए फर्म एंड सोसाइटी एक्ट के अनुसार 100 कॉलेजियम सदस्य चुने जाएंगे। ये 100 सदस्य गर्वनिंग बॉडी का चुनाव करेंगे।



धर्म सिंह दहिया

## मंगलवार को वार्ड नं 4 और 5 के लिए जगदीश पार्क में भी कार्यक्रम आयोजित किया

# सरकार की गारंटी वाली गाड़ी का उठाएं लाभः डॉ. अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा सरकार की गारंटी वाली गाड़ी का सम्मान करें तथा मौके पर सरकार कि कल्याणकारी योजनाओं का विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से लाभ उठाएं। उन्होंने सभी को वीर बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शहीदों की कुर्बानी को हमेशा याद रखने को कहा। यह बात लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा मंगलवार अंबेडकर पार्क में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड 21 के लिए आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। मंगलवार को वार्ड नं 4 और 5 के लिए जगदीश पार्क में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 में आज के दिन गुरू गोविंद सिंह के छोटे पुत्रों जोरावर व फतेह सिंह के शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में राष्ट को समर्पित किया। इन दोनों शूरवीरों ने सरहिंद के नवाब की मुसलमान धर्म स्वीकार करने की बात को इंकार कर दिया था। इस पर नवाब ने इन बच्चों को दीवार में जिंदा चुनवा दिया था। उन्होंने इस अवसर पर शहीद रविंद्र की प्रतिमा तथा गुरु गोबिन्द सिंह के पुत्रों जोरावर व फतेह सिंह के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि समाज के गरीब वर्ग के लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का उनके घर द्वार पर ही लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां यात्रा पहुंच रही है, वहां पर पात्र लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए 17 अलग-अलग विभागों के स्टॉल लगाए जा रहे हैं। मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि गरीबी के दौर से गुजरने वाला व्यक्ति ही गरीबों के दर्द को समझता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गरीब के दर्द को समझते हुए उनके कल्याण के लिए अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया है। मेयर मनमोहन गोयल ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से लोगों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में विश्वास प्रबल हो रहा है।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उषा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरिओम भाली, डिप्टी मेयर अनिल हुड्डा, पूर्व मेयर रेणू डाबला, हरिश चेयरमैन, सुरेश जैन, हरविंद्र रावत, युवा नेता हिमांशु ग्रोवर, सूरजमल किलोई, दीपू नागपाल, डिप्टी मेयर अनिल कुमार, जय भगवान जांगड़ा, ईश्वर सिंघल, वजीर खोखर, सतीश रोहिल्ला व प्रशांत राणा आदि मौजूद रहे।